सब की लाड़ली...

बेहद अनमोल है, वह सब लम्हे, हर पल, जब नन्ही परी थी आई,

खुशियों से बजी तालियों गूँज में, किया था स्वागत हमारी कवनी का,

ईश्वर को कोटि-कोटि धन्यवाद, मिली सौगात हमें, है सौभाग्य हमारा।

आज का दिन, है उसके नाम, हर खुशी 😊 बिखरे घर आंगन में,

'कवनी' शान हमारी, सब के दिलों में है बसी, बने आन हमारी,

ईश्वर से यहीं दुआ, हर राह हो सरल, पूर्ण हो हर ख्वाब उसके,

उसकी मुस्कान में है छिपी, जीवन की हर एक वजह व खुशी।

काश! हम कैद कर पाते, उस अहसास को, भावपूर्ण के सब क्षण,

ले पाते अनगिनत अवसर, दे पाते आलिंगन, प्यार भरी झपी-पप्पी।

खुश है दादा दादी, है जन्मदिन उसका, देख बिटिया को फलते-फूलते,

ईश्वर का दिया उपहार, है परिवार खजाने का, अनमोल रतन हमारा,

आज छह वर्ष की है हुई, हमारी प्यारी सी 'कवू' मुस्कान बिखराती परी।

माता पिता को ढेर सी बधाइयाँ व शुभकामनाएं।

दादा-दादी 11जनवरी 2023